# झारखण्ड विधान सभा

## दैनिक विवरणिका

पंचम् झारखण्ड विधान सभा | पंचम् (बजट) सत्र
संख्या-02 | सोमवार, दिनांक-01, मार्च, 2021 ई०।

समय-11.00 बजे पूर्वाह्न से 04.31 बजे अप० तक।

(माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।)

### 1.कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचना:-

माननीय सदस्य क्रमशः, श्री लम्बोदर महतो द्वारा झारखण्ड के शहीद आन्दोलनकारियों के आश्रितों को नौकरी एवं राशि देने सम्बन्धी, श्री मनीष जायसवाल द्वारा हजारीबाग जिले मे केरोसिन तेल विस्फोट की घटना से सम्बन्धित, श्री नवीन जयसवाल द्वारा झारखण्ड राज्य मे नियोजन नीति एवं श्री अनन्त कुमार ओझा द्वारा बंगलादेशी घुसपैठियों के सम्बन्ध मे दिये गयें कार्यस्थगन प्रस्ताव की सूचनाओ को नियमानुकूल नही होने के कारण आसन द्वारा अमान्य किया गया।

(इस अवसर पर विपक्ष के अधिकांशत: माननीय सदस्य सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे।)

### 2.प्रश्नकाल:-

आज के लिए निर्धारित प्रश्नो का व्यवस्थापन निम्न प्रकार से हुआ-

**(i) अल्पसूचित प्रश्नों की कुल संख्या-28**

**(क) उत्तरित मात्र-01,** अ० सू०-01 श्री लम्बोदर महतो, स० वि० स०।

**(ख) अनागत कुल-27,** अ० सू०-02 से लेकर अ० सू०-28 तक।

इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा दिये गये कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना सूचीबद्ध नही होने को लेकर विपक्ष के अधिकांशत: माननीय सदस्य सदन की वेल मे आकर नारेबाजी करने लगे तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा उनके द्वारा दी गयी सूचना से सदन को अवगत कराया गया तत्पश्चात् पुकारे जाने पर माननीय सदस्य, श्री अमर कुमार बाउरी द्वारा कार्य स्थगन प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसके नियमानुकूल नही होने के कारण आसन द्वारा अमान्य कर दिया गया इसके उपरांत विपक्ष के प्राय: सभी माननीय सदस्य सदन की वेल मे आकर इस विषय पर चर्चा कराने की माँग करते हुए नारेबाजी प्रारम्भ कर दी। इसके विरोधस्वरूप सत्तापक्ष के माननीय सदस्य, श्री उमाशंकर अकेला, डॉ० इरफान अंसारी, श्री रामचन्द्र सिंह एवं श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह सहित कई माननीय सदस्य वेल में आ गये जिससे सदन मे अव्यवस्था का माहौल कायम हो गया, इस कारण शेष प्रश्न नहीं लिये जा सके। अव्यवस्था को देखते हुए सदन की कार्यवाही 11.20 बजे पूर्वा० से लेकर 12.30 बजे अप० तक के लिए स्थगित कर दी गयी।

(स्थगनोपरांत)

माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही पूर्व की भाँति विपक्ष के अधिकांशत: माननीय सदस्य पुन: सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे।

### 3.शून्यकाल:-

आज दिनांक-01.03.2021 को प्राप्त सभी शून्यकाल की सूचनाओं को पढ़ा हुआ मानते हुए लिखित उत्तर हेतु सम्बन्धित विभागों में भेजे जाने की घोषणा आसन से की गयी।

### 4.ध्यानाकर्षण सूचनायें एवं उसपर सरकार का वक्तव्य:-

माननीय सदस्या, श्रीमती दीपिका पाण्डेय सिंह एवं अन्य से प्राप्त ध्यानाकर्षण प्रस्ताव की सूचना पढ़ी गयी जिसपर सरकारी वक्तव्य हुआ।

### 5.सभा मेज पर कागजात का रखा जाना:-

योजना सह वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री, डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा झारखण्ड माल और सेवा कर अधिनियम, 2017 के अन्तर्गत निर्गत कठिनाईयों को दूर करने के लिए संख्या-01/2020-राज्य कर आदेश की एक प्रति सभा पटल पर रखी गयी।

### 6.वित्तीय कार्य:-

योजना सह वित्त विभाग के प्रभारी मंत्री, डॉ० रामेश्वर उराँव द्वारा वित्तीय वर्ष-2020-21 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरणी का उपस्थापन सभा पटल पर किया गया।

### 7.आसन से सूचना:-

कोविड-19 को देखते हुए सत्र के दौरान प्रत्येक कार्य दिवस को माननीय मुख्यमंत्री द्वारा की गयी भोजन व्यवस्था में सम्मिलित होने हेतु सभी माननीय सदस्यों को आसन द्वारा संसूचित किया गया।

(अन्तराल)

### माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया।

### 8.राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद तथा सरकार का उत्तर एवं मतदान:-

माननीया राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने सम्बन्धी माननीय सदस्य, डॉ० सरफराज अहमद से प्राप्त सूचना एवं माननीय सदस्य, श्री राजेश कच्छप द्वारा समर्थन किये जाने विषयक से आसन द्वारा सदन को अवगत कराया गया तत्पश्चात् वाद-विवाद हेतु सभी दलों के बीच समय आवंटन की घोषणा भी की गयी।

इस अवसर पर माननीय सदस्य, श्री अमित कुमार द्वारा उनके विधान सभा क्षेत्र, बरकट्ठा में हाथियों के आतंक में 35 साल के युवक के मारे जाने की ओर आसन का ध्यानाकृष्ट करते हुए आग्रह किया गया कि एतद् सम्बन्धी मुआवजे की राशि 04 लाख रुपये से बढ़ाकर 10 लाख रुपये की जाय। माननीय सदस्य, श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह द्वारा विभिन्न दलों के लिए आवंटित समय पर आपत्ति जतायी गयी तथा माननीय सदस्य, श्री नीलकण्ठ सिंह मुण्डा द्वारा माननीया राज्यपाल के अभिभाषण को असत्य का पुलिंदा बताया गया।

आसन द्वारा पुकारे जाने पर माननीय सदस्य, डॉ० सरफराज अहमद ने धन्यवाद प्रस्ताव पर अपना वक्तव्य प्रारम्भ किया जिसका समर्थन माननीय सदस्य, श्री राजेश कच्छप ने किया।

(इस अवसर पर विपक्ष के अधिकांशतः माननीय सदस्य शनैः-शनैः पूर्व की भाँति सदन की वेल में आकर नारेबाजी करने लगे जिसके विरोधस्वरूप सत्तापक्ष के भी कई माननीय सदस्य वेल में आ गये, परन्तु आसन के हस्तक्षेप से सभी माननीय सदस्य अपने-अपने स्थान पर चले गये। लेकिन, अंततः सम्पूर्ण विपक्ष द्वारा सदन का परित्याग किया गया।)

इसके पश्चात् निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भी वाद-विवाद में भाग लिया-

श्री राजेश कच्छप,
श्री बैद्यनाथ राम
डॉ० ईरफान अंसारी,
श्री प्रदीप यादव,
श्री सरयू राय,
श्री विनोद कुमार सिंह एवं

(इस अवसर पर सभा की सहमति से सदन का समय विस्तारित किया गया।)

श्री लम्बोदर महतो तदुपरांत सरकार की ओर से माननीय संसदीय कार्यमंत्री, श्री आलमगीर आलम ने उत्तर दिया। माननीय सदस्य, श्री विनोद कुमार सिंह एवं माननीय सदस्य, श्री लम्बोदर महतो द्वारा संशोधन का प्रस्ताव वापस लिया गया। माननीय सदस्य, श्री मनीष जायसवाल के सदन में अनुपस्थित रहने के कारण उनका संशोधन का प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तदुपरांत माननीय सदस्य, डॉ० सरफराज अहमद द्वारा लाया गया धन्यवाद प्रस्ताव ध्वनिमत से सभा द्वारा स्वीकृत हुआ।

इसके बाद सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक-02 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित की गयी।

राँची, — महेन्द्र प्रसाद
दिनांक- 01 मार्च, 2021 ई०। — सचिव,
झारखण्ड विधान सभा।